मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर

## <u>सूचना</u>

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई-4072/32-जी.एस/2026 दिनांक : 21.06.2026 के अनुपालन में विश्वविद्यालय परिसर को **"सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर"** बनाने हेतु निम्नलिखित व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किए गए हैं।

1. विश्वविद्यालय परिसर, प्रशासनिक भवनों, समस्त विभागों, छात्रावासों एवं आवासीय परिसरों में सिंगल-यूज प्लास्टिक (जैसे - प्लास्टिक की बोतलों, कप, प्लेट, चम्मच, पॉलीथीन बैग आदि) के उपयोग को पूरी तरह से प्रतिबन्धित किया जाए।
2. विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंटीनों, छात्रावासों एवं विभिन्न आयोजनों में प्लास्टिक के स्थान पर मिट्टी के कुल्हण, कागज/पत्तों से निर्मित प्लेट, जूट अथवा कपड़े के थैले और कांच/स्टील के बर्तनों के उपयोग को अनिवार्य रूप से प्रोत्साहित किया जाए।
3. नए शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ में समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को **"प्लास्टिक मुक्त परिसर"** की शपथ दिलाई जाए तथा परिसरों में इस सम्बन्ध में जागरूकता बोर्ड/होर्डिंग्स लगाए जाएं।
4. परिसरों में 'बायो-डिग्रेडेबल' (गीला कचरा) और 'नॉन-बायो-डिग्रेडेबल' (सूखा कचरा) के लिए अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था की जाए और प्लास्टिक कचरे के रीसाइक्लिंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

अतः समस्त अधिष्ठातागण/विभागाध्यक्षगण/अनुभागीय अधिकारी/छात्रावास अधीक्षक से अनुरोध है कि राजभवन से प्राप्त उपरोक्त निर्देशों का अपने विभाग/अनुभाग में कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। जिससे विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाया जा सके।

उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिसर में आवासित समस्त शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि अपने आवासों में सूखा एवं गीला कचरा रखने हेतु अलग-अलग डस्टबिन का प्रयोग करते हुए आवासों के चारों तरफ साफ-सफाई रखने का कष्ट करें।

**( प्रो0 दयाशंकर सिंह )**
**अध्यक्ष, परिसर विकास प्रकोष्ठ**

पत्रांकः मा0प्रौ0वि0/जमादार एवं माली/INC_136/1336/2026 दिनांकः 20 जुलाई, 2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

**01** समस्त अधिष्ठातागण/विभागाध्यक्षगण/अनुभागीय अधिकारी/छात्रावास अधीक्षक को सूचनार्थ।
**02** कुलसचिव।
**03** वै0 सहायक कुलपति को माननीय कुलपति महोदया के सादर अवलोकनार्थ।
**04** मेसर्स जय भारत एसोसिएट को इस आशय के साथ प्रेषित की आवासीय परिसर से सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग एकत्रित कर निस्तारण करने का कष्ट करें।

( प्रो0 दयाशंकर सिंह )
अध्यक्ष, परिसर विकास प्रकोष्ठ